# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## First Term Examination (19 September 2024)
## Subject - Hindi
## Class - VII (SET - A)

Time: 3 hrs. MM: 80

(भाग-क) पठन

प्र1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें: (5)

अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन को सादगी ही नहीं, वक्त की पाबंदी भी बहुत पसंद थी। वे अपना हर काम नियत समय पर करते। उनके नौकर-चाकर भी उनके इस स्वभाव से परिचित थे, इसलिए वे भी ठीक समय पर कार्य करने के आदी थे। चुने गए नए कांग्रेसी सदस्यों को वॉशिंगटन ने अपने आवास पर भोज के लिए आमंत्रित किया। लेकिन वे तय समय पर नहीं पहुँचे। हालाँकि उन्हें आने में कुछ समय का ही विलंब हुआ था। मेहमानों ने आकर देखा कि वॉशिंटन भोजन कर रहे हैं। सदस्य हैरत में पड़ गए। जॉर्ज वॉशिंगटन ने जब उनके चेहरे पर आश्चर्य का भाव देखा तो बोले - "भाइयो, मैं सभी कार्य वक्त पर करता हूँ। इसलिए मेरा रसोइया भी यह नहीं देखता कि सब निमंत्रित अतिथि आ गए है या नहीं। वह तो निर्धारित समय पर भोजन सामने रख दिया करता है।" सदस्यों को अपनी गलती का अहसास हुआ। वॉशिंगटन ने उन्हें समझाते हुए कहा- "जीवन का प्रत्येक क्षण अमूल्य है, अपने कार्य समय पर करें ताकि अच्छे परिणामों की प्राप्ति हो।"

क) जार्ज वॉशिंगटन में कौन-से गुण थे?

ख) जार्ज वॉशिंगटन के साथ रहने से उनके नौकरों में क्या परिवर्तन आया?

ग) आमंत्रित सदस्य हैरान क्यों हो गए?

घ) वॉशिंगटन ने सदस्यों को क्या महत्त्वपूर्ण सीख दी?

ङ) गद्यांश में से अनुस्वार वाले कोई दो शब्द छाँट कर लिखें।

(भाग-ख) पाठ्य पुस्तक

प्र2क) निम्नलिखित में से किन्हीं छः शब्दों के अर्थ लिखें: (3)

दूब, चाकरी, सुबकना, रोष, अनुकरण, धनहर खेत, अधम, कंदील

ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो (2) शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें: (2)

दिलचस्पी, आश्चर्य, निर्जन

प्र3.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दें-(1×4=4)

क) वर्षा का वनस्पतियों और जीवों पर क्या प्रभाव पड़ता है?

ख) 'पहली चूक' कहानी में लेखक ने खेती करने का निश्चय क्यों किया?

ग) इवान किससे रास्ता टटोलता हुआ आगे बढ़ रहा था?

घ) हवा ने 'मेरे स्वामी' किसे कहा है?

ङ) किसके द्वारा खेती का बड़ा प्रचार हुआ है?

च) दावत के बाद अन्ना के रोकने पर भी माल्यूइश क्यों नही रूका?

A-1

CamScanner

प्र4.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन पंक्तियों में दें-(2×3=6)

क) 'कल और आज' कविता के आधार पर ग्रीष्म ऋतु का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

ख) माल्यूइश के साथ कौन चल दिया तथा माल्यूइश अपने चारों ओर भीड़ देखकर हैरान क्यों हुआ?

ग) हवा के सेवा कार्य को देखकर लेखक के मन में क्या विचार आया?

घ) 'पहली चूक' किससे और कैसे हुई?

प्र5 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें: (4)

इस बार वे किसान कुछ और जोर से हँसे। मुझे भी झेंप-सी लगी। पर मैंने हँसकर इस बात को टाल दिया। दूसरे दिन से ही मुझे इस बात की चिंता हुई। कि ऐसी चूक मुझसे कहीं दुबारा न हो जाए। इसलिए कृषिशास्त्र की मोटी-किताबें मँगवाकर मैंने उनका अध्ययन आरंभ कर दिया। गाँव से मै हताश हो गया था। वहाँ वह था ही नहीं, जो मैंने रूपहले परदे पर देखा था। फिर भी मैं अध्ययन करता रहा।

क) ज़ोर से कौन हँस रहे थे?

ख) लेखक ने किनका अध्ययन आरंभ कर दिया?

ग) लेखक गाँव से हताश क्यों हो गया था?

घ) लेखक झेंप क्यों गया था?

(भाग-ग) व्यावहारिक व्याकरण

प्र6. निम्नलिखित वाक्यों में उचित शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरें :- (2)

क) वर्णो के सार्थक समूह को ............... कहते हैं।

ख) तत्सम शब्दों के कोई दो उदाहरण दें।

प्र7क) निम्नलिखित शब्दों में संधि करें:- (1)

शिव+आलय, देव+ऋषि

ख) संधि विच्छेद कीजिए:- लंकेश, सेवार्थ (2)

प्र8. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें:- (2)

क्रय, उष्ण, दयालु, उन्नति

प्र9. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें:- (2)

दुख, पत्ता

प्र10. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें:- (2)

नभ में उड़ने वाला, प्रत्येक वर्ष होने वाला

प्र11क) उपसर्ग और मूल शब्द अलग करें :- अधिनायक (1)

ख) उपसर्ग लगाकर दो शब्द बनाएँ:- नि (1)

प्र12क) निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह करें तथा समास का नाम लिखें:- (2)

त्रिवेणी, धनहीन

ख) समस्तपद बनाएँ:- यज्ञ के लिए शाला, सात सौ दोहों का समूह (1)

A.

CamScanner

**प्र13. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा का भेद बताएँ:-** (2)

क) उसकी वाणी की मिठास सबको मोह लेती है।

ख) महाभारत एक महान ग्रंथ है।

**प्र14. निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम के भेदों की पहचान करके उनके नाम लिखें:-** (2)

क) यह कागज़ का गोला किसने फेंका है?

ख) शायद कमरे में कोई खड़ा है।

**प्र15. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित कारक का सही भेद चुनें:-** (2)

क) यह तुम्हारी घड़ी है। (कर्म कारक/ संबंध कारक)

ख) डाली से सारी चिड़ियाँ उड़ गई। (अधिकरण कारक/ अपादान कारक)

**प्र16क) रिक्त स्थान की पूर्ति संबंधबोधक अव्यय द्वारा कीजिए।** (1)

1) अस्पताल ............ ही दवाइयों की दुकान है।

2) रोहित पलंग ............. छिप गया।

**ख) विस्मयादिबोधक अव्यय शब्द छाँट कर लिखें:-** (1)

1) छिः कितनी गंदगी है।

2) शाबाश! ऐसे ही इनाम जीतते रहो।

**प्र17. अर्थ के आधार पर वाक्यों के भेद का नाम लिखें:-** (2)

क) दिल्ली भारत की राजधानी है।

ख) आप कहाँ जा रहे हो?

**प्र18. निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विराम चिह्नों का प्रयोग करके वाक्य पुनः लिखें:-** (3)

क) वह बाज़ार से दाल चावल चीनी और नमक खरीद लाया

ख) क्या आप भी इसी गाड़ी से जा रहे हैं

ग) मैंने परिश्रम किया है मुझे अच्छे अंक मिलेंगे

**प्र19क) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखें:-** (1)

कान का कच्चा होना, खाक छानना

**ख) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग करें:-** (2)

कमर कसना, अपने पैरों पर खड़े होना

**प्र20. निम्नलिखित लोकोक्तियों के अर्थ लिखें:-** (2)

ऊँची दुकान फीका पकवान, कहाँ राजा-भोज, कहाँ गंगू-तेली

**प्र21. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखें:-** (3)

क) रमा विलाप करके रोने लगी।

ख) तेरे को कहाँ जाना है?

ग) केवल यहाँ दो आदमी है।

A-

CamScanner

## (खण्ड–घ) लेखन

**प्र22. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें:** (5)

**मेट्रो का सफर**

**संकेत बिंदु:** भारत की प्रगति का नमूना, लोकप्रियता के कारण, मेट्रो का विस्तार

**अथवा**

**पुस्तक मेला**

**संकेत बिंदु:** पुस्तक मेले में प्रवेश का अनुभव, पुस्तकों के प्रकार, लेखकों से परिचय

**प्र23. किसी एक विषय पर औपचारिक पत्र लिखें।** (5)

अपने क्षेत्र में डाक वितरण की अव्यवस्था और अनियमितता की शिकायत करते हुए डाकपाल अधिकारी को पत्र लिखें।

**अथवा**

आपके द्वारा अनजाने में कक्षा का डेस्क टूट जाने पर क्षमा याचना करते हुए अपने प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखें।

**प्र24.** आप संस्कृति स्कूल, लखनऊ की छात्रा गरिमा हैं। आपकी कलाई घड़ी खो गई है। उसे वापस पाने के लिए छात्र-छात्राओं को सूचित करते हुए एक सूचना लिखें। (3)

**प्र25.** 'नवरत्न केश तेल' का एक सुंदर-सा विज्ञापन बनाइए। (3)

**अथवा**

'हाथ की घड़ी' का एक सुंदर विज्ञापन बनाइए।

**प्र26. निम्नलिखित चित्र को देखकर 6-7 पंक्तियों में वर्णन कीजिए।** (3)



CamScanner

**BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA**
**First Term Examination (19 September 2024)**
**Subject - Hindi**
**Class - VII (SET - B)**

Time: 3 hrs. MM: 80

(भाग-क) पठन

प्र1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें: (5)

मनुष्य अपने भविष्य के बारे में चिंतित है। सभ्यता की अग्रगति के साथ ही चिंताजनक अवस्था उत्पन्न होती जा रही है। इस व्यावसायिक युग में उत्पादन की होड़ लगी हुई है। कुछ देश विकसित कहे जाते हैं, कुछ विकासोन्मुख। विकसित देश वे हैं, जहाँ आधुनिक तकनीक का पूर्ण उपयोग हो रहा है। ऐसे देश नाना प्रकार की सामग्री का उत्पादन करते है और उस साम्रगी की खपत के लिए बाजार ढूँढते रहते हैं। अत्यधिक उत्पादन-क्षमता के कारण ही देश विकसित और अमीर है। विकासोन्मुख या गरीब देश उनके समान ही उत्पादन करने की आकांक्षा रखते है। इसीलिए उन सभी आधुनिक तरीकों की जानकारी प्राप्त करते है। उत्पादन-क्षमता बढ़ाने का स्वप्न देखते है। परिणामस्वरूप सारे संसार में उन वायुमंडल प्रदूषक यंत्रों की भीड़ बढ़ने लगी है, जो विकास के लिए परम आवश्यक माने जाते है। ये विकासवाहक उपकरण पर्यावरण को दूषित कर रहे हैं। फलतः वायुमंडल विषाक्त गैसों से भरता जा रहा है, जिससे वनस्पतियों तक के अस्तित्व संकटापन्न हो गए है।

क) किस की अग्रगति के साथ चिंताजनक अवस्था उत्पन्न होती जा रही है?
ख) वायुमंडल को विषाक्त गैसों से कौन भरता है?
ग) वनस्पतियों का अस्तित्व संकट में क्यों है?
घ) व्यावसायिक युग में किसकी होड़ लगी है?
ङ) गद्यांश में से दो अनुनासिक शब्द छाँट कर लिखें।

(भाग-ख) पाठ्य पुस्तक

प्र2क) निम्नलिखित में से किन्हीं छः शब्दों के अर्थ लिखें: (3)

खेतिहर, कार्डराय, गुबार, व्याख्यान, विराट, मन बैठना, अविराम, कोरस

ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो (2) शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें: (2)

उपस्थित, रिसर्च, करील

प्र3.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दें-(1×4=4)

क) दूब की झुलसी शिराओं के अंदर क्या वापस आ गया?
ख) 'पहली चूक' कहानी में लेखक ने 'बाजरा' का क्या अर्थ समझा?
ग) माल्यूइश की माँ का क्या नाम था?
घ) लेखक को ऊँट की किस हरकत पर गुस्सा आया?
ङ) 'पहली चूक' कहानी के लेखक ने किनका अध्ययन आरंभ कर दिया?
च) 'पावस' को कवि ने किसका रुप दिया है?

B

CamScanner

ग) शिवाजी ने मालवजी को छाती से लगाकर क्या कहा?

घ) जब घर बंद था तो चूहा क्या करता था?

**प्र6. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें:** (5)

**लगभग पैंतालीस दिन घर बंद रहा। मैं तब अकेला लौटा। घर खोला तो देखा कि चूहे ने काफी क्रॉकरी फर्श पर गिराकर तोड़ डाली है। वह खाने की तलाश में भड़भड़ाता होगा। क्रॉकरी और डिब्बों में खाना तलाशता होगा। उसे खाना नहीं मिलता होता तो वह पड़ोस में कहीं कुछ खा लेता होगा और जीवित रहता होगा। यह घर उसने नहीं छोड़ा। उसने इसी घर को अपना मान लिया था।**

क) चूहे ने क्रॉकरी कैसे तोड़ डाली थी?

ख) खाना न मिलने पर चूहा कहाँ खाना खाता था?

ग) चूहा खाना कहाँ तलाशता होगा?

घ) चूहा किसकी तलाश में भड़भड़ाता था?

ङ) घर कितने दिन तक बंद रहा?

## (भाग-ग) व्यावहारिक व्याकरण

**प्र7. निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करें :-** (2)

ठडा, खम्भा, पञ्जा, व्यजन

**प्र8क)** भाषा के मुख्य रूप कौन-कौन से है? (2)

ख) वर्णो के लिखने के ढंग को क्या कहते है?

**प्र9क)** जब कोई शब्द वाक्य में प्रयोग होता है तो उसे क्या कहते है? (2)

ख) राम, बच्चे, मैदान क्या है? शब्द या पद?

**प्र10. संधि करें:** (2)

क) महा + आशय ख) रजनी + ईश ग) रत्न + आकर घ) हिम + आलय

**प्र11. निम्नलिखित वाक्यों में से उद्देश्य और विधेय अलग करें:** (2)

क) हरि पुस्तक पढ़ रहा है।

ख) एक बूढ़ी औरत सब्जी बेच रही है।

**प्र12. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाओं के काल बताइए:** (2)

क) हम कल मैच देखने जाएँगे।

ख) बादल गरज रहे है।

**प्र13. निम्नलिखित समस्त पदों का समास विग्रह करके समास का भेद लिखें:** (2)

क) दोपहर ख) पाप-पुण्य

B-2

CamScanner

प्र14. निम्नलिखित वाक्यों मे विराम चिह्न का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखिए:(2)

क) मीरा इधर आकर बैठो

ख) अरे तुम गाना भी गाते हो

प्र15. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ का सही मिलान करके दोबारा लिखें: (2)

| | |
|---|---|
| क) हवा से बातें करना | 1) चुगली करना |
| ख) कान भरना | 2) परेशान करना |
| ग) अँगूठा दिखाना | 3) बहुत तेज दौड़ना |
| घ) नाक मे दम करना | 4) साफ मना कर देना |

प्र16. निम्नलिखित वाक्य में से संबंधबोधक शब्द छाँटकर लिखिए: (2)

क) जंगल के पास एक गाँव था।

ख) निम्नलिखित वाक्य में से विस्मयादिबोधकर शब्द छाँटकर लिखें:

उफ! कितना प्रदूषण है।

प्र17. निम्नलिखित उपसर्ग लगाकर दो-दो शब्द बनाइए: (2)

भर, कु

प्र18. विलोम शब्द लिखें: (2)

कोमल, इहलोक, उपयोगी, उतार

प्र19. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें: (3)

तालाब, पुत्र, बादल

प्र20. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद करें: (3)

कमल, सूरज, भारत

प्र21. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखें: (3)

अंक, कर, घन

प्र22. वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखें: (3)

क) जहाँ कोई मनुष्य न रहता हो।

ख) जिसे पाना कठिन हो।

ग) जो बोल न सकता हो।

प्र23. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके दोबारा लिखिए: (3)

क) सैनिक कमर कसा बैठा है।

ख) उसका प्राण निकल गया।

ग) मै मेरे घर हा रहा हूँ।



CamScanner

(खण्ड-घ) लेखन

प्र24. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें: (5)

सच्चा मित्र

**अथवा**

मैंने मेला देखा

प्र25. किसी एक विषय पर औपचारिक पत्र लिखें। (5)

विद्यालय छोड़ने का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

अथवा

आपकी शरारत से एक डेस्क टूट गया है, जिसके लिए आपको दंडित किया गया है। प्रधानाचार्य से माफी माँगते हुए पत्र लिखिए।

प्र26. 'पानी की बोतल' के लिए एक सुंदर-सा विज्ञापन बनाएँ। (3)

प्र27. निम्नलिखित चित्र को देखकर 6-7 पंक्तियों में वर्णन कीजिए। (3)



CamScanner